शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011

दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र./रा.शि.के./मूल्यांकन/वार्षिक मूल्यां./2021–22/3367 भोपाल, दिनांक 24/5/2022

प्रति,

कलेक्टर,
समस्त जिले, म.प्र.।

विषय– वार्षिक मूल्यांकन (कक्षा 5 एवं 8) सत्र 2021–22 हेतु छात्रवार प्रगति पत्रक की त्रुटियों में सुधार बावत्।

संदर्भ– राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र./राशिके/मूल्यां/वार्षिक मूल्यां/3285, दिनांक 18.05.2022

विषयांतर्गत जारी संदर्भित पत्रानुसार कक्षा 5 व 8 के वार्षिक मूल्यांकन सत्र 2021–22 के छात्रवार प्रगति–पत्रकों में परिलक्षित त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के सुधार हेतु निर्धारित प्रारूप में (कुल 4 परिशिष्ट अनुसार) जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के प्रमाणीकरण सहित दिनांक 19.05.22 तक राज्य शिक्षा केन्द्र को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

जिले के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि अल्प समयावधि एवं सर्वर अनुपलब्धता के फलस्वरूप दिनांक 19.05.2022 तक प्रगति पत्रक की त्रुटियों का विवरण उपलब्ध करा पाना संभव नहीं हो सका है।

उक्त स्थितियों के दृष्टिगत एवं जिले के अधिकारियों की मांग के आधार पर प्रगति–पत्रक में दर्ज त्रुटियों के सुधार हेतु प्रस्ताव भेजने की समयावधि दिनांक 28.05.2022 तक बढ़ाई जाती है। त्रुटि सुधार का प्रस्ताव पूर्णतः पुष्टि उपरांत, संदर्भित पत्र में वर्णित कुल 4 परिशिष्ट अनुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी के प्रमाणीकरण सहित मूल्यांकन कक्ष को ई–मेल आई.डी. examrsk@gmail.com पर प्रेषित किया जाना है, साथ ही त्रुटि सुधार संबंधी दस्तावेज संशोधनकर्ता अधिकारी के स्तर पर सुरक्षित रखे जाना है जिससे आवश्यकता होने पर इनका परीक्षण किया जा सके।

परीक्षा पोर्टल पर प्रगति पत्रक में दर्ज त्रुटि के प्रकार अनुसार विभिन्न अधिकारी स्तर पर त्रुटि संशोधन की सुविधा प्रदान की जावेगी। छात्र प्रोफाईल एवं आंतरिक मूल्यांकन संबंधी त्रुटि सुधार ब्लॉक स्तर पर बी.आर.सी.सी. के लॉगिन से एवं बाहय मूल्यांकन संबंधी त्रुटि सुधार जिला शिक्षा अधिकारी के लॉगिन से किया जा सकेगा। विषय की त्रुटि का सुधार राज्य स्तर से श्री शेखर सराठे, प्रोग्रामर, रा.शि.के. द्वारा किया जाएगा।

कृपया दिनांक 28.05.2022 दोपहर 12:00 बजे तक त्रुटि सुधार के प्रस्ताव भिजवाना सुनिश्चित कराएं। अन्यथा स्थिति में प्रगति पत्रकों में सुधार संभव नहीं हो सकेगा। शेष निर्देश संदर्भित पत्रानुसार यथावत मान्य होंगे।

24/05/2022

(धनराजू एस.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

पृ.क्र./रा.शि.के./मूल्यांकन/वार्षिक मूल्यां./2021–22/3368 भोपाल, दिनांक 24/5/2022

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले मध्यप्रदेश।
3. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
4. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग समस्त म.प्र.।
5. प्राचार्य, डाइट, समस्त म.प्र.।
6. जिला परियोजना समन्वयक, समस्त म.प्र.।
7. पोर्टल पर अपलोड हेतु आई.सी.टी.

24/05/2022

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल